PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Jansatta, Delhi
Mon, 12 Jun 2017, Page 2
Width: 18.29 cms, Height: 18.71 cms, a4, Ref: 8.2017-06-12.26

योग दिवस के लिए निर्देश जारी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 11 जून।

केंद्र ने 21 जून को आयोजित होने जा रहे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर ज्यादा लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकारों से रेजिडेंट वेल्फेयर एसोसिएशन्स और व्यापारी संगठनों को शामिल करने को कहा है। केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय के संयुक्त सचिव बी आनंद ने राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों के शहरी विकास विभाग के प्रधान सचिवों को इस संबंध में पत्र लिखा है।